Total No. of printed pages = 4

4 (Sem-2) FHIN-I

2017

COMMERCE

HINDI

(Functional MIL - I)

Full Marks – 80

Time – Three hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions.

1. निम्नलिखित प्रश्नों के पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) धोखा निबन्ध के रचयिता कौन है ?

(ख) सुवर्ण मृग किस राक्षस को समझा गया था ?

(ग) मायाबपुधारी का अर्थ क्या है ?

(घ) .... का फल अपने ही आँसुओं से धो और खा—रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

(ङ) मेघदूत में पद्यरूपी क्या जड़े हुए है ?

(च) मेघदूत के बाद रचित किसी एक दूतकाव्य का नाम लिखिए।

[Turn over

(छ) यक्ष की तरह किसे वियोग व्यथा सहनी पड़ी थी?

(ज) कर्त्ता से बढ़कर .... का स्मारक दूसरा नहीं — रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

(झ) प्रेम में कितने पक्ष होते हैं?

(ञ) श्रद्धा का मूल तत्व क्या है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) धोखे से ईश्वर भी क्यों बच नहीं सकते ?

(ख) धोखा देना हो तो इस रीति से दो कि तुम्हारी चालबाजी को भाँप न सके। —आशय स्पष्ट कीजिए।

(ग) श्रद्धा किसे कहते है?

(घ) मेधदूत काव्य की तुलना ताजमहल के साथ कैसे की गई है?

(ङ) श्रद्धा और धर्म का क्या सम्बन्ध है ?

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) धोखे के महत्व को निबन्ध के माध्यम से बताइए।

(ख) विरही यक्ष ने अवचेतन मेघ को दूत क्यों बनाया ?

(ग) यक्ष के सन्देशों की व्याख्या कीजिए।

(घ) श्रद्धा और भक्ति के अन्तरों को स्पष्ट कीजिए।

(ङ) श्रद्धा एक सामाजिक भाव है— स्पष्ट कीजिए।

(च) विज्ञापन क्या है स्पष्ट कीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

कोई काम वा वस्तु वास्तव में भली अथवा वुरी नहीं होती केवल उसके व्यवहार का नियम बनने बिगड़ने से बनाव बिगाड़ हो जाया करता है।

अथवा

निर्व्याज प्रेम अवान्तर बातों की कुछ भी परवाह नहीं करता।

(ख) वर्त्तमान समय में विज्ञापन के महत्व पर प्रकाश डालिए।

अथवा

वाणिज्यिक विज्ञापन के प्रचार के विभिन्न उपायों पर विस्तारपूर्वक लिखिए।

(ग) असम में औद्योगिक विकास के महत्व को दर्शाते हुए किसी अखबार के सम्पादक को एक पत्र लिखिए।

अथवा

किसी महाविद्यालय में लेखाशास्त्र (एकाउंटेंसी) के प्रवक्ता के पद पर नियुक्ति के लिए महाविद्यालय के अध्यक्ष के नाम एक आवेदन पत्र लिखिए।

(घ) किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए :

(i) असम में वाणिज्य का भविष्यत्

(ii) आर्थिक परिवेश का भारतीय समाज पर प्रभाव

(iii) भारत का अन्तर्राष्ट्रीय बाजार

(iv) बढ़ती महँगाई की समस्या

(v) नारी शिक्षा।